भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

मतदाता सूची में अपना नाम जांचें

एसएमएस <ECI> जगह दें <EPIC No.> 1950 पर भेजें
या elections24.eci.gov.in पर जाएँ

'मतदान - मेरा कर्तव्य'
फिल्म देखने के लिए QR कोड स्कैन करें

सचिन तेंदुलकर
राष्ट्रीय आइकॉन, ईसीआई

चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

स्कैन कर डाउनलोड करें
वोटर हेल्पलाइन ऐप

CBC 52101/13/0026/2425

स्वाति से मारपीट के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अरविंद केजरीवाल का मांगा त्यागपत्र

राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली: आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री आवास के नजदीक प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि महिलाओं के सम्मान की रक्षा करने में असफल रहने वाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपने पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। स्वाति मालीवाल के सम्मान व उन्हें न्याय दिलाने के लिए भाजपा की महिला नेता व कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास के बाहर पहुंची हैं। केजरीवाल के सामने एक महिला सांसद के साथ मारपीट होती है और वह आंखों पर पट्टी बांधे हुए हैं। यह सिर्फ मालीवाल का मामला नहीं है। यह दिल्ली की प्रत्येक महिलाओं की सुरक्षा का प्रश्न है।

उन्होंने कहा घटना के दूसरे दिन सांसद संजय सिंह ने प्रेसवार्ता कर यह स्वीकार किया है कि मुख्यमंत्री आवास में मालीवाल के साथ अभद्रता हुई है, फिर पुलिस अब किस बात का इंतजार कर रही है। उसे तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। दिल्ली भाजपा की प्रभारी अलका गुर्जर ने कहा कि सामान्य विषय पर भी बयान देने वाली दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी मालीवाल के साथ मारपीट पर चुप हैं।

प्रदर्शन में दिल्ली भाजपा के मोर्चों के प्रभारी सुमीत भसीन, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ऋचा पांडेय मिश्रा सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आप सांसद स्वाति मालीवाल से अभद्र व्यवहार को लेकर सीएम आवास के समीप प्रदर्शन करतीं भाजपा महिला कार्यकर्ताओं को रोकती महिला पुलिस ● चंद्र प्रकाश मिश्र।

प्रेसवार्ता कर भाजपा प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने कहा, घटना के 32 घंटे बाद सांसद संजय सिंह मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास में दुर्व्यहार की पुष्टि करते हैं। उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री ने इसका संज्ञान लिया है। यह कैसा संज्ञान लिया गया है कि दो दिनों तक एक महिला सांसद गायब हैं। मुख्यमंत्री के आवास में महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुरक्षित नहीं हैं। इस स्थिति में दिल्ली की महिलाएं इस सरकार से क्या उम्मीद रख सकती हैं? केजरीवाल को बताना चाहिए कि महिला सांसद से मारपीट करने वाले विभव कुमार के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई? क्या मालीवाल को चुप रहने के लिए धमकाया जा रहा है? पुलिस ने अभी तक इस घटना को लेकर एफआइआर क्यों दर्ज नहीं की?

कहा, कुछ वर्ष पूर्व आप कार्यकर्ता सोनी मिश्रा ने तत्कालीन आप विधायक शरद चौहान पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए केजरीवाल से शिकायत की थी। केजरीवाल ने उन्हें समझौता करने को कहा था और सोनी मिश्रा आत्महत्या करने पर मजबूर हुई थीं। क्या मालीवाल पर भी समझौता करने के लिए दबाव डाला जा रहा है? उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष समेत सोनिया गांधी, लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा देने वाली कांग्रेस नेता प्रियंका वाड्रा व ममता बनर्जी से इस मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।

शाइना एनसी ने मीडिया से कहा, मालीवाल महिला आयोग की अध्यक्ष रही हैं। वह सांसद हैं इसलिए एफआइआर दर्ज होनी चाहिए। अब तक एफआइआर दर्ज नहीं होने से लगता है कि दाल में कुछ काला है।

स्वाति पर हमला साजिश के तहत किया गया : नवीन जयहिंद

जागरण संवाददाता, रोहतक : जयहिंद सेना प्रमुख डा. नवीन जयहिंद अपनी पूर्व पत्नी स्वाति मालीवाल के समर्थन में खुलकर आ गए हैं। उन्होंने घटना को स्कैंडल बताते हुए दिल्ली मुख्यमंत्री आवास को गटर हाउस की संज्ञा दी है। उन्होंने कहा कि स्वाति पर हमला साजिश के तहत किया गया है। इस मामले में अरविंद केजरीवाल पर एफआइआर दर्ज होनी चाहिए। जयहिंद बुधवार को सेक्टर-छह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

जयहिंद ने स्वाति की जान को खतरा बताते हुए कहा कि उसे डराया और धमकाया जा रहा है। उसे चुप कराया जा रहा है। जयहिंद ने कहा कि ये मामला सिर्फ पूर्व पत्नी का नहीं है, लाखों महिलाओं के मान -सम्मान और

स्वाति मालीवाल ●

नवीन जयहिंद ●

स्वाभिमान से जुड़ा हुआ है। अगर पूर्व पत्नी का मामला होता तो अब तक जो हाथ स्वाति पर उठे, वे हाथ टूट चुके होते और जिसने अपनी जुबान से इस साजिश का आदेश दिया है, उसकी जुबान निकाल चुके होते। ये मामला मेरा व्यक्तिगत मामला नहीं है।

उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री, दिल्ली पुलिस और राष्ट्रीय महिला आयोग से अपील करते हुए सवाल किया है कि ये चुप क्यों हैं। दिल्ली पुलिस को स्वतः संज्ञान ले इस मामले की जांच करनी चाहिए।

संजय सिंह ने की स्वाति मालीवाल से मुलाकात

राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली : आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बुधवार को पार्टी सहयोगी स्वाति मालीवाल से उनके मिंटो रोड आवास पर मुलाकात की। याद रहे कि एक दिन पहले पार्टी ने स्वीकार किया था कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

सूत्रों ने बताया कि मालीवाल से मुलाकात के दौरान संजय सिंह के साथ दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की सदस्य वंदना सिंह भी थीं। उन्होंने बताया कि मुलाकात मालीवाल के आवास पर हुई। हालांकि इस मुलाकात में क्या कुछ बात हुई, इस पर सिंह और मालीवाल दोनों ने ही कुछ साझा नहीं किया।

आप ने सरकार बनते ही 24 घंटे मुफ्त बिजली की व्यवस्था की : संजय सिंह

जासं, नई दिल्ली : करोल बाग विधानसभा में आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने जेल का जवाब वोट अभियान के तहत संकल्प सभा की। नई दिल्ली से आप के प्रत्याशी सोमनाथ भारती के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप की सरकार बनते ही दिल्ली में सबसे पहले 24 घंटे मुफ्त बिजली की व्यवस्था की। ये देश की इकलौती सरकार है जिसने सभी को 200 यूनिट तक फ्री बिजली और 400 यूनिट तक बिजली आधे दाम पर देने का काम किया। उन्होंने कहा दिल्ली में 24 घंटे साफ पानी की व्यवस्था की, टैंकर माफियाओं का सफाया किया और पानी का बिल जीरो किया। अरविंद केजरीवाल बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थयात्रा लेकर आए। माताओं बेटियों की समस्या को समझते हुए उनके लिए बस की यात्रा मुफ्त कर दी। अगर हमने अच्छा काम किया है तो हमें उसकी मजदूरी मिलनी चाहिए।

जयपुर के मणिपाल अस्पताल में ट्रांसप्लांट मामले की जांच शुरू

किडनी रैकेट का मकड़जाल

गुरुग्राम में मारपीट के आरोपित ने ट्रांसप्लांट कराने के कागज कोर्ट में लगाकर ली थी बेल, पीड़ित ने पीएमओ व अन्य को की शिकायत

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम: गुरुग्राम के ओल्ड डीएलएफ कालोनी निवासी एक व्यक्ति द्वारा जयपुर के मणिपाल अस्पताल में किडनी प्रत्यारोपण कराए जाने के मामले की जांच जयपुर पुलिस ने शुरू कर दी है। गुरुग्राम में मारपीट के मामले में आरोपित इस व्यक्ति ने कोर्ट से जमानत लेने के लिए किडनी प्रत्यारोपण के कागजात लगाए थे। इसी को आधार बनाकर पीड़ित ने आरोपित के खिलाफ सरकार से शिकायत की थी।

सेक्टर 14 में अक्टूबर 2023 में सेवानिवृत्त जज के साथ टहलने के दौरान कुछ लोगों ने एक व्यक्ति से मारपीट की थी। अदालत में जमानत लेने के दौरान मामले में आरोपित एक अन्य व्यक्ति ने कहा था कि उसने अपने भतीजे से किडनी ली थी और वह इस हालत में नहीं था कि मारपीट कर सके। उसने कोर्ट में जयपुर के मणिपाल अस्पताल से किडनी ट्रांसप्लांट कराए जाने के कागज भी दिए थे। मारपीट के मामले में पीड़ित व्यक्ति ने फर्जी तरीके से किडनी ट्रांसप्लांट की आशंका जाहिर करते हुए 28 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री कार्यालय, जयपुर स्वास्थ्य विभाग और राजस्थान सीएम विंडो को इसकी शिकायत भेजी थी। इसके बाद अब इस मामले की जांच जयपुर के विद्यानगर थाने को दी गई है। थाने में तैनात महिला पुलिस कर्मी को जांच अधिकारी बनाया गया है। उनका कहना है कि उन्हें ई-मेल से शिकायत मिली थी। जल्द ही रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपेंगी।

सेवानिवृत्त जीएम को डिजिटल अरेस्ट कर 52.50 लाख ठगे

- ठगों ने पार्सल में ड्रग्स होने की बात कह कार्रवाई का दिखाया भय
- साइबर अपराध थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, नोएडा : भारतीय रेलवे में जीएम के पद से सेवानिवृत्त अधिकारी को डिजिटल अरेस्ट कर 52.50 लाख रुपये ठग लिए गए। साइबर अपराध थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर-76 स्थित आम्रपाली सिलिकन सिटी के 69 वर्षीय प्रमोद कुमार अग्रवाल ने दर्ज कराई एफआइआर में बताया कि नौ मई को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से मैसेज आया। मैसेज में लिखा था कि उनके द्वारा जो पार्सल भेजा गया है वह डिलीवर नहीं हो पाया है। इसके लिए उन्हें मोबाइल में एक बटन दबाना होगा। उन्होंने पार्सल की जानकारी लेने के लिए उस नंबर पर काल की जिस नंबर से मैसेज आया था। उसने बताया कि तीन मई को उनके द्वारा मुंबई से एक पार्सल ताइवान भेजा गया था। जिसे ताइवान सीमा शुल्क विभाग ने प्रतिबंधित वस्तु होने के चलते जब्त कर लिया है। बताया कि पार्सल में चार पासपोर्ट, तीन क्रेडिट कार्ड, कपड़े और 100 ग्राम ड्रग्स था। इसके बाद आरोपित ने कहा कि उनके तीन बैंक खातों की केवाइसी अलग-अलग शहरों में हुई है। इन बैंक खातों का इस्तेमाल मनी लांड्रिंग के लिए किया गया है, जो दाउद और नवाज मलिक जैसे लोगों के लिए आतंकी गतिविधियों में किया गया है। जब उन्होंने कहा कि उनका इन लोगों से कोई संबंध नहीं है। इसके बाद आरोपित ने वीडियो काल के जरिये संपर्क किया। खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच और सीबीआइ का अधिकारी बताते हुए चेतावनी दी कि यदि उन्होंने किसी को भी इस बातचीत के बारे में दस्तावेज साझा किए तो वह जेल भेज देंगे। साथ ही डराया कि उनकी और उनके करीबियों की जान खतरे में है। वह 24 घंटे की निगरानी में हैं। इसके बाद आरोपितों के कहने पर तीन बार में उन्होंने 52.50 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद ठगी का अहसास हुआ। साइबर अपराध थाना प्रभारी उमेश नैथानी का कहना है कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दिल्ली के मुख्य सचिव को नैनीताल हाई कोर्ट से मिली राहत

जागरण संवाददाता, नैनीताल : हाई कोर्ट ने दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार को एनजीओ के अधिकारियों को फंसाने और धमकाने के मामले में राहत दी है। कोर्ट ने इस मामले में निचली कोर्ट के साथ ही आगे पुलिस कार्रवाई पर भी फिलहाल रोक लगा दी है। राज्य सरकार को इस मामले में जवाब प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। मामले में अगली सुनवाई 22 मई को होगी।

एनजीओ द प्लीजेंट वैली फाउंडेशन के संयुक्त सचिव विपिन कुमार आर्य के अनुसार दिल्ली में पंजीकृत उनका फाउंडेशन अल्मोड़ा के ग्राम डाडाकांडा में धर्मार्थ विद्यालय चला रहा है। फाउंडेशन ने दिल्ली सरकार के अधिकारी राजशेखर के विरुद्ध केंद्रीय सतर्कता आयोग में शिकायत दर्ज करवाई थी। उन पर घोटालों के आरोप थे। इसके बाद राजशेखर ने दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार के साथ मिलकर उन पर शिकायत वापस लेने को दबाव बनाया। 14 फरवरी को चार लोगों को धमकाने के लिए दिल्ली से अल्मोड़ा के डाडाकांडा भी भेजा।

अंकित की नियुक्ति में नहीं हुआ प्रक्रिया का पालन

तृतीय पृष्ठ से आगे

आरोप है कि अमरीश भाटिया की स्वामित्व वाली कंपनी मेसर्स एडी हाइड्रो न्यूमेक इंजीनियर्स द्वारा साइट पर कोई मशीन नहीं लगाई गई थी। कंपनी द्वारा इसके लिए नकली चालान तैयार किए गए थे। एसीबी ने पाया कि अंकित श्रीवास्तव की नियुक्ति में प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया।

आप ने कहा-एजेंसियां भाजपा प्रवक्ता की तरह कर रही काम: आम आदमी पार्टी का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा नियंत्रित एजेंसियां जैसे सीबीआइ, ईडी, एसीबी और सतर्कता विभाग भाजपा के प्रवक्ता की तरह काम कर रहे हैं। यह पूरा देश समझ चुका है। दिल्ली में 25 मई को चुनाव होने हैं और भाजपा दिल्ली की सभी सात सीटों पर अपनी हार को देखते हुए और अधिक हताश हो रही है। इसलिए इन सभी ने खुद को जांच एजेंसियों के बजाय बी ग्रेड फिल्म स्क्रिप्ट राइटर के रूप में तब्दील कर लिया है। ये एजेंसियां देश की शीर्ष अदालत में रोजाना बेनकाब हो रही हैं, जैसा कि न्यूजक्लिक के मामले में हुआ था, जहां मीडिया में गढ़ी गई फर्जी कहानियों का इस्तेमाल करके भाजपा के खिलाफ किसी को भी बदनाम किया जाता है। यह इतना आम हो गया है कि लोगों ने ऐसी फालतू कहानियों पर ध्यान देना बंद कर दिया है।

स्कूल के सामने से छात्र को किया अगवा

पुरानी कहासुनी से गुस्से में थे आरोपित, छात्र को ताबड़तोड़ कई थप्पड़ जड़े, वीडियो आने पर अपहरण की धारा में केस दर्ज

जागरण संवाददाता, मोदीनगर : गोविंदपुरी में स्कूल के सामने से दिनदहाड़े एक छात्र का दबंगों ने अपहरण कर लिया। आरोपित उसे कार में बंधक बनाकर निवाड़ी ले गए। रास्ते में कार सवार चार आरोपितों ने उसे बुरी तरह पीटा। छात्र को पीटते हुए उसका वीडियो भी मोबाइल में रिकार्ड कर लिया। इसके बाद आरोपित कुणाल को निवाड़ी रोड पर छोड़ गए। वहां आसपास के लोगों की मदद से कुणाल अपने पहुंचा और स्वजन को सारी बात बताई।

शुरू में पुलिस ने मुकदमा मारपीट में दर्ज किया। अब मारपीट का वीडियो प्रसारित होने पर मुकदमे को अपहरण की धारा में दर्ज किया गया है। दो आरोपितों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव हृदयपुर भंडौला का कुणाल त्यागी गोविंदपुरी स्थित एक स्कूल में 11वीं कक्षा का छात्र है। उसकी कुछ दिन पहले स्कूल के ही कुछ छात्रों से उसकी कहासुनी हो गई थी। उस समय तो आसपास के लोगों ने मामला शांत करा दिया। लेकिन आरोपित आक्रोशित थे। मंगलवार दोपहर को जब स्कूल की छुट्टी हुई तो आरोपितों ने पहले ही स्कूल के बाहर कार खड़ी कर दी। वे कुणाल के इंतजार में थे। जैसे ही कुणाल स्कूल से सड़क पर पहुंचा तो आरोपितों ने मारपीट करते हुए जबरन कार में बैठा लिया और निवाड़ी ले गए।

पीड़ित कुणाल ● इंटरनेट मीडिया

कार्यालय पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट, गाजियाबाद

निविदा सूचना

पुलिस माडंन स्कूल, रिजर्व पुलिस लाइन, कमिश्नरेट गाजियाबाद में आडिटोरियम का द्वितीय पार्ट निर्माण कराये जाने हेतु शील्ड कवर लिफाफे में निम्नलिखित शर्तो के अधीन दिनांक 25.05.2024 को 12.00 बजे तक निविदा पुलिस कार्यालय में आमंत्रित की जाती है।

1- आगणन की धनराशि रू. 4,99,515/- के सापेक्ष 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी टेण्डर फार्म के साथ नक्द संलग्न की जायेगी।

2- उपरोक्त कार्य की निविदा फार्म पुलिस आयुक्त कार्यालय गाजियाबाद से निर्धारित शुल्क रू. 400-00 प्रति एवं 12 प्रतिशत जीएसटी अर्थात रू. 448/- प्रति फार्म की दर से प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त निविदाये दिनांक 25.05.2024 को अपरान्ह में अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी।

3- उक्त कार्य की निविदा जिस ठेकेदार की स्वीकृत होगी उसे अगले दिन 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एफडीआर के रूप में जमा करनी होगी। इसके अतिरिक्त एग्रीमेन्ट डीड भरने के पश्चात कार्य प्रारम्भ करना तथा एग्रीमेन्ट डीड के अनुसार कार्य पूर्ण करना आवश्यक है।

4- निविदा न्यूनतम धनराशि के आधार पर स्वीकृत की जायेगी

सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय
कमिश्नरेट, गाजियाबाद।

भारतीय गुणवत्ता परिषद्
QUALITY COUNCIL OF INDIA
QCI Creating an Ecosystem for Quality

भारतीय गुणवत्ता परिषद् में मुख्य वित्तीय अधिकारी के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं

मंत्रिमंडल के निर्णय के माध्यम से प्रत्यायन और गुणवत्ता संवर्धन के लिए एक राष्ट्रीय निकाय के रूप में स्थापित भारतीय गुणवत्ता परिषद् (क्यूसीआइ) एक स्वायत्त निकाय है। यह परिषद्, विनिर्माण, व्यापार और सेवाओं के सभी क्षेत्रों में गुणवत्ता मानकों के प्रचार-प्रसार, अंगीकरण और अनुपालन में राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारतीय गुणवत्ता परिषद् के लिए भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग नोडल विभाग है। भारतीय गुणवत्ता परिषद् के अंतर्गत भारत की राष्ट्रीय प्रत्यायन प्रणाली को 185 देशों के वैश्विक गुणवत्ता अवसंरचना सूचकांक (जीक्यूआईआइ) में 5वां स्थान मिला है। भारतीय गुणवत्ता परिषद्, भारतीय उद्योगों में प्रतिस्पर्धा और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विनिर्माण, सेवा, स्वास्थ्यचर्या, शिक्षा और अन्य कई क्षेत्रों में काम करती है।

भारतीय गुणवत्ता परिषद् को मुख्य वित्तीय अधिकारी के एक (01) पद के लिए (अनुबंध के आधार पर) एक उच्च क्षमतावान पेशेवर की तलाश है। पद का विवरण https://qcin.org/careers पर उपलब्ध है।

आवेदन प्रस्तुत करने की विधि: लिंक https://hr.qci.org.in/ehiring-may2024CFO/Login.aspx पर ऑनलाइन।

आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख: 07.06.2024, सायं 05:30 बजे तक।

केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों से ही संपर्क किया जाएगा।

भारतीय गुणवत्ता परिषद् को अधिकार होगा कि वह, बिना कोई कारण बताए, विज्ञापन को रद्द कर दे/वापस ले ले/संशोधित कर दे।

मानव संसाधन और प्रशासन,
भारतीय गुणवत्ता परिषद्

NABCB NABH NABL NABET NBQP
QCI'S BOARDS AND DIVISIONS
PADD TCB Training and Capacity Building PPID Project Planning & Implementation Division ZED POLICY UNIT
ONDC Open Network for Digital Commerce CO-FOUNDED & SUPPORTED BY QCI

Quality Council of India, Institution of Engineers Building, IInd Floor, 2 - Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi - 110002, India.
@QualityCouncilofIndia @QualityCouncil qualitycouncilofindia quality-council-of-india-qci- info@qcin.org

राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय
नगर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक केंद्रीय विश्वविद्यालय
2013 में संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित

2024 के लिए प्रवेश घोषणा

पाठ्यक्रमों, जिनके लिए अवधि, पात्रता नीचे दी गई है, में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है

क्र. सं.	कार्यक्रम का नाम	अवधि	उद्योग भागीदार	पात्रता/आयु सीमा
i	एयरपोर्ट ऑपरेशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (पीजीडीएओ)	जीएमआर हवाई अड्डों पर 01 वर्ष का कक्षा प्रशिक्षण और 06 महीने की इंटर्नशिप।	जीएमआर एविएशन अकादमी	25 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा के साथ कोई भी डिग्री
ii	एविएशन सर्विस और एयर कार्गो में बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (बीएमएस)	03 वर्ष (02 वर्षीय कक्षा प्रशिक्षण और 01 वर्ष उद्योग में सवेतनिक प्रशिक्षुता)	लॉजिस्टिक्स सेक्टर स्किल काउंसिल	किसी भी स्ट्रीम में 10+2 और अधिकतम आयु सीमा 21 वर्ष

2. विवरण के लिए कृपया आरजीएनएयू की आधिकारिक वेबसाइट यानी https://www.rgnau.ac.in पर जाएं। इस संबंध में कोई भी शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

3. उपरोक्त सभी पाठ्यक्रमों में विमानन और लॉजिस्टिक कंपनियों में 95% से अधिक का उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड है और उद्योग विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

महत्वपूर्ण तिथियां:

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	21 जून 2024 (लिंक 17.00 बजे बंद होगा)

आरजीएनएयू परिसर : राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय, फुरसतगंज, अमेठी, उत्तर प्रदेश

एसडी/-
रजिस्ट्रार,
राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय

CBC-03110/12/0001/2425

GURUGRAM UNIVERSITY, GURUGRAM
(A State Govt. University Established under Haryana Act 17 of 2017)

Admission Open for UG Courses (Session 2024-25)

- BPT
- Bachelor of Design in Interior Design
- MBA (Integrated)
- MCom (Integrated)
- BSc. (Animation and Multimedia)
- MA (Journalism and Mass Communication) (Integrated)
- MCA (Integrated)
- MA (Development Studies) (Integrated)
- MA (Liberal Arts) (Integrated)
- Diploma in Dances of Bharat
- Diploma in Music of Bharat
- Diploma in Yoga

Admissions to the B.Pharma, B.Tech and LEET Programme will be made by HSTES

Last Date of Application 26.05.24

Apply Now

For more details visit the website
www.gurugramuniversity.ac.in
Admission Enquiry E-mail :
helpdesk@gurugramuniversity.ac.in

Registrar

PRDH-26310/C/6777

Mayfield Garden, Sector 51, Gurugram, Samaspur, Haryana-122003

NOTICE INVITING TENDER

Meerut Shamli Power Transmission Limited
2nd Floor, Niryat Bhawan, Rao Tularam Marg, Vasant Vihar, Opp. Army Hospital & Referral, New Delhi - 110057
Tel: +91-9676520044/+91-08790994621

No: MSPTL / TBCB / MEERUT-SHAMLI/ 24-25 / TL-1 Date:15-05-2024

Siddhi Consulting Engineers Pvt. Ltd., Plot No. 35, Vijetha Green Homes, Nizampet Road, Hyderabad – 500 072. (India) for and on behalf of M/s. Meerut Shamli Power Transmission Limited (hereafter referred as MSPTL), 2nd Floor, Niryat Bhawan, Rao Tularam Marg, Vasant Vihar, Opp. Army Hospital & Referral, New Delhi-110057 invites tenders under two bid system, from registered / approved and eligible contractors/Agencies of PGCIL, Central Utilities and State Utilities for **Construction of "Meerut (765 kV) – Shamli 400 kV D/C Line" under Turnkey basis.**

**On remittance of Tender fee can share the payment details to info@siddhi.asia /info@msptl.in.net for obtaining the tender details as well as tender documents.

**Tender fee Rs.25,000+GST in the form of DD/ Chequein favour ofMeerut Shamli Power Transmission Limited payable at Hyderabad and to be handed over along with technical document.

Sl. No	Name of Tender	Earnest Money Deposit (INR)	Document download/ clarification start/sale start date	Document download/ sale end date	Prebid Meeting date	Bid (soft) submission start & end date	Bid (hardcopy) submission date	Bid Opening date & time
01	Construction of Meerut (765 kV) – Shamli 400 kV D/C Line.	Refer the "FORMAT OF THE BID SECURITY DECLARATION"	17-05-2024 16:00 Hrs.	24-05-2024 16:00 Hrs.	21-05-2024 11:00 Hrs.	Start: 25-05-2024 11:00 Hrs. End: 25-05-2024 16:00 Hrs.	Start: 27-05-2024 11:00 Hrs. End: 27-05-2024 16:00 Hrs.	28-05-2024 11:00 Hrs

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान
आयुष मंत्रालय, भारत सरकार
68, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001
फोन : 23730417-18, 23351099, टेलीफैक्स : 011-23711657
ई-मेल : mdniy@yahoo.co.in, वेबसाइट : www.yogamdniy.nic.in

प्रवेश-साक्षात्कार

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई), 68, अशोक रोड, नई दिल्ली 110001 तथा योग सर्टिफिकेशन बोर्ड (वाईसीबी) में पूर्णतया अस्थायी अनुबंध आधार पर निम्नांकित पदों की सूचीबद्धता हेतु प्रवेश साक्षात्कार

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की सं.	अधिकतम पारिश्रमिक	प्रवेश - साक्षात्कार तिथि
1.	प्रधान परामर्शदाता (वाईसीबी)	01	रु. 1,50,000 P.M.* या एम/ओ आयुष के अनुरूप	29.05.2024
2.	परामर्शदाता (आईटी) (वाईसीबी)	01	रु. 50,000 P.M.	30.05.2024
3.	परामर्शदाता (योगा) (वाईसीबी)	01	रु. 50,000 P.M.	31.05.2024
4.	वरिष्ठ परामर्शदाता (योगथेरेपी) (एमडीएनआईवाई)	01	रु. 75,000 P.M.	03.06.2024
5.	परामर्शदाता (योग थेरेपी) (एमडीएनआईवाई)	03	रु. 50,000 P.M.	
6.	वरिष्ठ परामर्शदाता (मीडिया) (एमडीएनआईवाई)	01	रु. 75,000 P.M.	04.06.2024
7.	परामर्शदाता (सोशल मीडिया) (एमडीएनआईवाई)	01	रु. 50,000 P.M.	
8.	परामर्शदाता (सामा. प्रशा/ प्रशा.) (एमडीएनआईवाई)	04	रु. 50,000 P.M.** या एम/ओ आयुष के अनुरूप	05.06.2024
9.	जूनियर हिन्दी ट्रांसलेटर (एमडीएनआईवाई)	01	रु. 20,000 P.M.	

टिप्पणी: (1) रिक्तियों की सं. आवश्यकतानुसार बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

* रु. 1,50,000/- प्रतिमाह या आयुष मंत्रालय पत्र सं. A-41021/4/2020-E-II तिथि 01.04.2023 के अनुसार अंतिम आहरत वेतन घटा बेसिक पेंशन प्लस टीए

** रु. 50,000/- प्रतिमाह या आयुष मंत्रालय पत्र सं. A-41021/4/2020-E-II तिथि 01.04.2023 के अनुसार अंतिम आहरत वेतन घटा बेसिक पेंशन प्लस टीए

योग्यता, अनुभव तथा इन पदों पर सूचीबद्धता का अन्य नियम एवं शर्तें, प्रवेश साक्षात्कार हेतु तिथियां आदि www.yogamdniy.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है। अपेक्षित योग्यता, अनुभव आदि रखने वाले इच्छुक व्यक्तियों को उपरोक्त वर्णित साक्षात्कार की तिथि पर प्रशंसापत्र विधिवत स्व-प्रमाणित की कॉपी के साथ संबंधित प्रपत्र तथा सीवी, दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ प्रवेश साक्षात्कार में उपस्थित होना है. एमडीएनआईवाई के पास बिना कोई कारण बताए उपरोक्त विज्ञापन या किसी भी पद को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

CBC-17213/12/0001/2425

प्रशासनिक अधिकारी